अब हर विस में सीएम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 22 सितंबर. प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्रों में अब स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स होगा. स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मल्टीपरपज होगा, जहां हैलीपेड भी बनेगा. यहां आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस को भी उतारा जा सकेगा, जिससे कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके.

मंगलवार को कैबिनेट ने सीएम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स योजना के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के मुताबिक ये स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स प्रदेश के 140

विधानसभा क्षेत्रों में बनाए जाएंगे. जिस पर 962 करोड़ 50 लाख रुपए की बड़ी राशि खर्च की जाएगी. प्रत्येक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पर कम से कम 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. यहां 10 से 12 खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी, इनमें इंडोर और आउटडोर दोनों ही तरह के

- कॉम्पलेक्स में हैलीपेड भी बनेगा
- इंडोर और आउटडोर खेल का होगा इंतजाम

स्पोर्ट्स होंगे. ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभा को सुविधा देने के लिए ये पहल की जा रही है, यहां प्रशिक्षक का भी पूरा इंतजाम होगा, वहीं मेंटनेंस से लेकर परिसर में हरियाली और सुरक्षा का भी पूरा बंदोबस्त होगा. कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि ये कॉम्पलेक्स प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे.

कैबिनेट ने ऊर्जा विभाग की एमपी. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी डीबीएफओओ मॉडल बिडिंग दस्तावेजों के आधार पर कुल 2800 मेगावाट ताप विद्युत जिसके तहत मप्र में मौजूदा निर्माणाधीन एवं राज्य में ही प्रस्तावित नवीन (ग्रीन फील्ड/ब्राउन फील्ड) ताप विद्युत परियोजनाओं से प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रक्रिया के माध्यम से बिजली खरीदी के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है. दरअसल राज्य सरकार के अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 2037 तक 1900 मेगावाट बिजली की कमी हो सकती है, उसे ध्यान में रखते हुए ये इंतजाम किया जा रहा है.

कैबिनेट ने इन प्रस्तावों को भी दी मंजूरी

- नीमच जिले की जावद-नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की निरंतरता के लिए 4 हजार 197 करोड़ की स्वीकृति. राजगढ़ की पार्वती रिन्सी सिंचाई परियोजना की निरन्तरता के लिए 507 करोड़ 23 लाख रुपये की स्वीकृति. ग्राम न्यायालय योजना का संचालन निरंतर बनाए रखने के लिए 554 करोड़ 61 लाख रूपये पांच वर्ष में खर्च होंगे. मप्र. विधिक सहायता तथा विधिक सलाह बोर्ड की स्थापना की निरंतरता के लिए 524 करोड़ मिलेंगे.
- परिवार न्यायालयों की स्थापना के संचालन पर पांच वर्ष में एक हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे. उच्च न्यायालय (भारित) की निरंतरता के लिए 2,015 .60 करोड़ रुपए की मंजूरी. वाणिज्यिक कर विभाग की 6 योजनाओं की निरंतरता पर पांच वर्ष में 969 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च होंगे.
- मैहर, पांदुर्णा और सिंगरौली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यालय स्थापित करने के लिए 18 पदों की स्वीकृति.

रिटायर्ड आईपीएस-बर्खास्त एसआई पर भ्रष्टाचार का केस

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 22 सितंबर. फर्जी अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाण पत्र के आधार पर पुलिस में नौकरी हासिल करने के आरोपों से घिरे रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी आरएस मीणा और बर्खास्त सब इंस्पेक्टर अमिताभ प्रताप सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं.

पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अलग से प्रकरण दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है. 18 सितंबर को सीआईडी और विजिलेंस ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए थे. राज्य स्तरीय उच्च शक्ति स्थायी जांच समिति ने जांच में दोनों के एसटी प्रमाण पत्र फर्जी पाए थे. समिति ने यह भी माना था कि दोनों एसटी वर्ग से संबंधित नहीं हैं. इसके आधार पर पुलिस विभाग ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है. पीएचक्यू अधिकारियों के मुताबिक फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कराने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की भूमिका सामने आई है. इसलिए दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने के लिए राज्य शासन से अनुमति मांगी जाएगी. अनुमति मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. पीएचक्यू में ऐसे दो और मामले लंबित हैं.

एक नजर में

सीएम 27 को युवाओं से करेंगे संवाद

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 27 सितम्बर को आरसीवीपी नरोन्हा अकादमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, भोपाल में मुख्यमंत्री स्टार्टअप संवाद के तहत युवाओं से संवाद करेंगे. कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा. संवाद में प्रदेश से लगभग 200 स्टार्टअप संचालक शामिल होंगे. एमएसएमई आयुक्त कुमार पुरषोत्तम ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारियों से अपने जिले के नव उद्यमियों को संवाद में सहभागिता करवाने के लिए निर्देश दिए हैं. उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा की. स्टार्टअप संवाद में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के युवा, नवाचारी एवं उभरते हुए स्टार्टअप उद्यमियों से सीधे संवाद करेंगे.

कोचिंग डिपो एवं स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता

भोपाल. 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत भोपाल मंडल में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं कोचिंग डिपो में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं. अभियान के दौरान रेल परिसरों, ट्रेनों एवं यात्री सुविधाओं में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. अभियान के अंतर्गत यांत्रिक विभाग द्वारा भोपाल मंडल के सभी कोचिंग डिपो में प्राथमिक ट्रेनों की स्वच्छता व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया.

पश्चिम से पूर्वी मप्र की ओर बढ़ रहा बारिश का जोर

23 से पूर्वी हिस्से में ज्यादा गतिविधि के संकेत

नवभारत न्यूज

भोपाल, 22 सितम्बर. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के आगे बढ़ने के साथ मध्यप्रदेश में बारिश का फोकस पश्चिमी हिस्सों से पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों की ओर खिसकता नजर आ रहा है. पूर्वी मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दायरा बढ़ सकता है. वहीं, पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है.

अगले 24 घंटे में भारी बारिश के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है.

1 से अभी तक मध्यप्रदेश में इस सीजन की कुल बारिश 869.3 मिमी बारिश दर्ज हुई जो की सामान्य 927.5 मिमी से 6 प्रतिशत कम माँपी गयी है, पूर्व मध्यप्रदेश में 1003.3 मिमी बारिश हुई जो की सामान्य से 2 प्रतिशत कम है, पश्चिमी मध्यप्रदेश में बारिश का दौर काफी पीछे है वहां 766.4 मिमी बारिश फर्ज की गयी जो की सामान्य से 10 प्रतिशत कम है.

आंध्र-ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा सिस्टम

मध्य और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव क्षेत्र बना हुआ था. इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में बढ़ने और अगले 24 घंटे में अवदाब में बदलने की संभावना है. सिस्टम की दिशा का असर मध्यप्रदेश में बारिश के क्षेत्रीय वितरण पर पड़ सकता है. भोपाल, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों के कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई.

इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभागों में भी कुछ जगह बारिश हुई. प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश देवरी (सागर) में 60.3 मिमी दर्ज हुई. इसके अलावा हटा में 49.4 मिमी, कोतमा में 41 मिमी, रतलाम में 38.6 मिमी और परासिया में 37.2 मिमी बारिश हुई. पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का अनुमान है. पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है. विभाग ने गरज-चमक और तेज हवा की चेतावनी जारी की है. पिछले 24 घंटे में आंधी-तूफान के दौरान जबलपुर में 65 किमी प्रति घंटे की अधिकतम हवा दर्ज हुई थी.

सोमवार को हुई मुनादी, मंगलवार को मकान-दुकानों से सामान हटना शुरू

- ट्रैफिक जाम से मुक्त होगी आजाद नगर की मुख्य सड़क
- चौड़ीकरण के लिए खुद ही आशियाने हटाने लगे लोग
- सोमवार को हुई मुनादी, मंगलवार को मकान-दुकानों से सामान हटना शुरू
- 18 मीटर चौड़ी होगी करीब 900 मीटर लंबी सड़क

नवभारत न्यूज

उज्जैन. शहर की महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर लोगों ने खुद अपने मकान और दुकानें हटाना शुरू कर दिए हैं. सोमवार को नगर निगम की ओर से मुनादी के बाद मंगलवार को आजाद नगर क्षेत्र में कई रहवासियों ने अपने घर-दुकानों से सामान निकालना शुरू कर दिया और कुछ स्थानों पर तोड़ाई भी शुरू हो गई. लोगों का कहना है कि मशीनों से अचानक तोड़फोड़ होने पर अधिक नुकसान हो सकता है, इसलिए उन्होंने स्वयं अपने आशियाने हटाना उचित समझा.

पुष्पा मिशन अस्पताल के सामने आजाद नगर की पट्टी में मकान-दुकान हटाने का काम शुरू हो गया है. यहां संचालित कई मेडिकल भी खाली कराए जा रहे हैं. सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई के बीच लोग भारी मन से अपने वर्षों पुराने निर्माण हटा रहे हैं.

सीएम का मकान भी तो हट रहा

रहवासियों ने कहा कि जब सिंहस्थ की जरूरतों को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मकान भी चौड़ीकरण की जद में आ सकता है, तो आम लोगों को भी विकास के लिए सहयोग करना चाहिए. उनका कहना है कि सिंहस्थ-2028 में 50 करोड़ श्रद्धालुओं और बड़ी संख्या में साधु-संतों के आने की संभावना है, ऐसे में शहर की सड़कों का विस्तार जरूरी है.

18 मीटर चौड़ी, 900 मीटर लंबी सड़क

टैगोर चौराहा-मुनिनगर-दो तालाब से तरणताल चौराहे तक करीब 900 मीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण होना है. देवास रोड को इंदौर रोड से जोड़ने वाले इस मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा. दो तालाब की ओर से सड़क का काम तेजी से चल रहा है, जबकि आजाद नगर क्षेत्र में मकानों की नपती पहले ही की जा चुकी है और निर्माणों पर निशान लगाए गए हैं. 25 मई को हुई नपती में 1.5 मीटर से लेकर 3.5 मीटर तक जमीन पर अतिक्रमण पाया गया था. संबंधित स्थानों पर 3.5 मीटर तक निशान लगाकर निर्माण हटाने की चेतावनी दी गई थी.

दूर होगी आईजी रैंक के अफसरों की कमी

जनवरी 2027 में 2009 बैच के 18 डीआईजी बनेंगे आईजी

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 22 सितंबर. मप्र पुलिस में आईजी रैंक के अधिकारियों की करीब छह साल से बनी कमी अब दूर होने की उम्मीद है. एक जनवरी 2027 को 2009 बैच के करीब 18 डीआईजी को आईजी पद पर पदोन्नति मिलने की संभावना है. इससे पुलिस मुख्यालय और रेंज स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपलब्धता बढ़ेगी.

वर्तमान में प्रदेश पुलिस में 51 डीआईजी हैं, जिनमें 2009 से 2012 बैच तक के अधिकारी शामिल हैं. अकेले 2009 बैच में 20 डीआईजी हैं. इनमें से 18 अधिकारियों को एक जनवरी को आईजी पद पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है. तीन अधिकारियों की पदोन्नति तत्काल परिस्थितियों और विभागीय प्रक्रिया पर निर्भर करेगी. पदोन्नति के बाद कई महत्वपूर्ण पदों पर डीआईजी स्तर के अधिकारियों की जगह आईजी स्तर के अधिकारी उपलब्ध होंगे. वर्तमान में कुछ रेंज में डीआईजी स्तर के अधिकारी ही आईजी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं. ग्वालियर रेंज इसका उदाहरण है. फिलहाल प्रदेश पुलिस में 16 आईजी पदस्थ हैं. इनमें 2002 बैच के अभय सिंह को एक जनवरी 2027 को एडीजी पद पर पदोन्नति मिलने की संभावना है.

इससे आईजी की संख्या 15 रह जाएगी. उसी दिन 18 डीआईजी के आईजी बनने पर प्रदेश पुलिस में आईजी रैंक के अधिकारियों की संख्या 33 हो जाएगी. पुलिस मुख्यालय 2009 बैच के सभी पात्र अधिकारियों को वर्ष 2027 में आईजी बनाने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है. इसके लिए पूरे बैच की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी. सेवानिवृत्ति के कारण पद रिक्त होने पर शेष अधिकारियों को भी क्रमशः पदोन्नति दी जा सकती है.

बीना स्टेशन पर कार्य के कारण ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 22 सितंबर. उत्तर मध्य रेलवे के अगासोद एवं पश्चिम मध्य रेलवे के बीना के बीच तीसरी रेल लाइन की कनेक्टिविटी के लिए बीना स्टेशन पर प्री-एनआई एवं एनआई कार्य के चलते पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन किया गया है.

संशोधित परिचालन व्यवस्था के अनुसार कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन, शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन तथा आंशिक निरस्तीकरण किया जाएगा. इसके लिए गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग की बजाय संशोधित मार्ग से संचालित होगी. गाड़ी संख्या 51886 दमोह-बीना पैसेंजर दिनांक 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक बीना मालखेडी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी एवं बीना मालखेडी स्टेशन 11.45 बजे पहुँचेगी.

युवाओं के मुद्दों पर चौधरी ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

भोपाल, 22 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस के सचिव कुणाल चौधरी ने रोजगार, भर्ती परीक्षाओं, कथित प्रशासनिक लापरवाही और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से कई सवाल पूछे हैं. उन्होंने इंदौर में 19 सितंबर को आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में राहुल गांधी ने युवाओं और छात्रों को संबोधित किया था.

चौधरी ने कहा कि शिक्षित युवा रोजगार, भर्ती परीक्षाओं, पेपर लीक और वेतन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं. उन्होंने परीक्षा में अनियमितताओं से प्रभावित अभ्यर्थियों को

मुआवजा देने तथा पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की मांग की.

उन्होंने भागीरथपुरा मामले, छिंदवाड़ा में कथित जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत, नशे से जुड़े मामलों और सागर में कथित जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा भी उठाया. चौधरी ने सवाल किया कि कार्रवाई केवल निचले स्तर के आरोपियों तक सीमित क्यों रहती है और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं राजनीतिक स्तर पर जवाबदेही कब तय होगी.

कृषि क्षेत्र में उन्होंने मौसम और येलो मोजेक रोग से प्रभावित सोयाबीन फसल का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को राहत देने की मांग की. उन्होंने 12 क्विंटल प्रति बीघा उत्पादन के दावों पर भी सवाल उठाते हुए खेतों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने को कहा. चौधरी ने सोयाबीन के घोषित 5,700 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी और किसानों को मिल रही कीमतों के बीच अंतर पर स्पष्टीकरण मांगा तथा भावांतर योजना की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की.

इंस्टाग्राम पर दोस्त बन ठगे 90 हजार

जबलपुर. एक शातिर ठग ने इंस्टाग्राम पर दोस्त बनकर मां की बीमारी का झांसा दिया और एक युवक से 90 हजार रुपये ऐंठ लिए. अधारताल पुलिस के मुताबिक, कटरा निवासी मोहम्मद जुबेर अहमद (19) पुराने बस स्टैंड के पास वाहनों का इलेक्ट्रिक काम कर रहा था. तभी उसके इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया, जिसमें भेजने वाले ने खुद को उसका दोस्त सुल्तान बताया. ठग ने लिखा कि मां की तबीयत खराब है और अर्जेंट 90 हजार रुपये की जरूरत है. उसने अपना मोबाइल बंद होने की बात कहकर पैसे भेजने के लिए दूसरा नंबर दिया. जुबेर ने मदद के इरादे से 90,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए. ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई.

अनुकंपा नियुक्ति के मामलों पर कार्रवाई

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 22 सितंबर. स्कूल शिक्षा विभाग ने 587 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति के रुके हुए प्रकरणों पर कार्रवाई शुरू कर दी है.बता दें मंगलवार को 400 से अधिक पदों पर अनुकम्पा के अधार पर नियुक्तियां जारी की गईं. जिसमें सहायक ग्रेड 3 के पद शामिल थे.

बता दें विभाग द्वारा यह नियुक्तियां प्रमोशन से रिक्त हुए पदों की संख्या के आधार पर की जा रही हैं. इसके लिए सभी लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों को सहायक ग्रेड तीन के 587 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं. वहीं मंगलवार शाम तक करीब 400 से अधिक पदों पर अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के आदेश भी दे दिए गए.

900 मामले स्कूल शिक्षा विभाग में पेंडिंग थ

बता दें आयुक्त अभिषेक सिंह ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को बुलाकर पहले नियुक्ति की पेंडेंसी की जानकारी ली और फिर इसके कारण जिला शिक्षा अधिकारियों से पूछे। जानकारी के अनुसार करीब ढाई लाख से अधिक के शैक्षणिक वाले अनुकम्पा नियुक्ति के करीब 900 मामले स्कूल शिक्षा विभाग में पेंडिंग थे। जिसको लेकर लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने सख्ती दिखाई है. वहीं अनुमानित तौर पर करीब 587 मामलों में आदेश जारी होते ही पेंडिंग मामलों की कुल संख्या 313 रह जाएगी.

अव्यवस्था | पटवारी ने प्रदेश की कृषि व्यवस्था पर उठाए सवाल

वेयरहाउस सब्सिडी में रिश्वत का मामला

विशेष संवाददाता

भोपाल, 22 सितंबर . मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शहडोल में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के खुले में रखे होने और सीहोर में वेयरहाउस सब्सिडी जारी करने के लिए कथित रिश्वत मांगने के मामले को लेकर प्रदेश की कृषि व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं.

पटवारी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदा गया करीब 9.44 लाख क्विंटल धान, जिसकी कीमत 222 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है, शहडोल में लंबे

समय तक खुले में पड़ा रहा. बारिश से धान के खराब होने और उसमें अंकुर निकलने की खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने समय पर धान के उठाव, परिवहन और मिलिंग की व्यवस्था नहीं होने पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की.

उन्होंने कहा कि धान की प्रत्येक बोरी किसान की मेहनत, पसीने और उम्मीदों से जुड़ी है. उन्होंने पूछा कि समय पर उठाव की जिम्मेदारी किस विभाग और अधिकारियों की थी तथा बारिश से हुए नुकसान की भरपाई किससे की जाएगी. पटवारी ने सीहोर में वेयरहाउस सब्सिडी जारी करने के एवज में कथित रिश्वत मांगने के मामले का भी उल्लेख किया. कृषि मंत्रालय के अनुसार शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया.

निष्पक्ष जांच की मांग

आरोपों में भैरूंदा तहसील के शिवाय वेयरहाउस से एक लाख रुपये और रेहटी क्षेत्र के श्रीकृष्ण वेयरहाउस से 60 हजार रुपये मांगने की बात सामने आई है. उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए सब्सिडी भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया.

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजवीर सिंह पुत्रः गुरबीर सिंह पताः 736 आकाश नगर, थाना द्वारकापुरी, इंदौर, मध्य प्रदेश** ने case **e-FIR No. 80081951/2024 U/s 305/331(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजवीर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **e-FIR No. 80081951/2024 U/s 305/331(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजवीर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.10.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
दक्षिण पूर्व जिला, रूम नं. 512
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/13171/SE/2026 (Court Matter)

सारस्वत बैंक

दि सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक लि.
(शेड्युल्ड बैंक)

केंद्रीकृत पुनर्प्राप्ति विभाग: छठी मंजिल, हिल टॉप बिल्डिंग, ए.वी. नागवेकर मार्ग, सिद्धिविनायक होराइजन बिल्डिंग के पास, प्रभादेवी - मुंबई 400 025. फोन नंबर: +91 8657043713 / 14 / 15

ई-नीलामी बिक्री सूचना

(नीलामी/बोली लगाने की प्रक्रिया केवल https://sarfaesi.auctiontiger.net वेबसाइट के माध्यम से ही की जाएगी।)

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (SARFAESI) एक्ट, 2002 के तहत बैंक के पास गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों की बिक्री।

धारा 13(2) के तहत जारी डिमांड नोटिस के अनुसार, सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के तौर पर, नीचे दिए गए एसेट्स (संपत्तियों) का कब्जा एक्ट की धारा 13(4) के तहत ले लिया गया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे बताए गए मामले में गिरवी रखी गई संपत्तियों की ई-नीलामी एक्ट, 2002 के तहत **"जैसी है, जहाँ है"**, **"जैसी है, वैसी है"** और **"बिना किसी रिकॉर्स के"** के आधार पर की जाएगी, जैसा कि नीचे बताया गया है:

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का नाम।	A. नोटिस की तारीख B. कब्जे का प्रकार / तारीख C. मांगी गई राशि	संपत्तियों का विवरण	I. रिजर्व प्राइस II. EMD III. बोली बढ़ाने की राशि
उधारकर्ता: श्री सुनील शंकर तर्टे सह-उधारकर्ता: श्री हर्षद सुनील तर्टे श्रीमती स्वाति कुणाल तर्टे श्री कुणाल सुनील तर्टे जमानतदार श्रीमती अंजलि तर्टे	A. 05.11.2022 B. फिजिकल: 15.01.2025 C. रू. 5,31,21,897/- (पाँच करोड़ इकतीस लाख इक्कीस हजार आठ सौ सत्तानवे) 31.10.2022 तक और उस पर आगे का ब्याज।	मैक्सटेल शॉपी की पहली मंज़िल पर ऑफिस का दक्षिणी और उत्तरी हिस्सा, जिसका कुल एरिया 1500 वर्ग फीट (बिल्ट-अप) है, देवी अहिल्या मार्ग, इंदौर (म.प्र.), पिन-452007,	I. रू. 88.00 लाख II. रू. 9.00 लाख III. रू.1.00 लाख निरीक्षण की तारीख / समय 03/10/2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक EMD और KYC जमा करने की आखिरी तारीख / समय 26/10/2026 शाम 05.00 बजे तक ई-नीलामी की तारीख / समय 28/10/2026 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

यह नीलामी बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर)** के माध्यम से की जाएगी। बोली लगाने का प्रपत्र, इस बिक्री/नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा बोली/प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया उनकी वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** तथा बैंक के वसूली विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

SARFAESI एक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत कानूनी नोटिस

इस नोटिस को संबंधित लोन के उधारकर्ता, गारंटर और मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) के लिए भी नोटिस माना जाए कि वे बिक्री की तारीख से पहले बकाया राशि का पूरा भुगतान कर दें; ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी को ऊपर बताई गई नीलामी की तारीख पर बेच दिया जाएगा।

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी
सारस्वत को-ऑप. बैंक लिमिटेड के लिए

तारीख: 23.09.2026
स्थान: इंदौर

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**